प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 07.02.2025 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-थाना मझोला पुलिस द्वारा, शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 05.12.2024 को वादिनी निवासी थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने, मारपीट व गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना मझोला पर तहरीर देकर मु0अ0सं0-1067/2024 धारा- 69/115(2)/351(2)/352 बी0एन0एस0 पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 07.02.2025 को उ0नि0 विपिन कुमार राठी थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त मोहित शर्मा पुत्र अनिल शर्मा निवासी मौहल्ला चौहानान निकट आर्य समाज मंदिर जसपुर थाना जसपुर जनपद ऊधमसिंह नगर उत्तराखण्ड को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

मोहित शर्मा पुत्र अनिल शर्मा निवासी मौहल्ला चौहानान निकट आर्य समाज मंदिर जसपुर थाना जसपुर जनपद ऊधमसिंह नगर उत्तराखण्ड

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0-1067/2024 धारा- 69/115(2)/351(2)/352 बी0एन0एस0

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 विपिन कुमार राठी
का0 सोनू बालियान

2-छेड़छाड़ व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्सः-

अवगत कराना है कि दिनांक 29.12.2025 को वादिनी निवासी थाना सिविल लाईन्स क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन्स पर तहरीर देकर मु0अ0सं0-1135/2024 धारा-74,64,115(2)351(3) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 06.02.2025 की सांय को थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा अभियुक्त शिवम कुमार पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम बेरखेड़ा टाण्डा थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

शिवम कुमार पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम बेरखेडा टाण्डा थाना स्योहारा जनपद बिजनौर

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 उम्मेद सिहं पोसवाल
हे0कां0 उदयप्रताप सिंह,
कां0 हरीश कुमार

3-थाना बिलारी पुलिस द्वारा 01 वारंटी गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी यंत्रण, वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 07.02.2025 को थाना बिलारी पुलिस द्वारा 01 वारंटी बृजपाल पुत्र हेमराज निवासी रामनगर गंगपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद धारा 279, 338 भादवि को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार वारंटी-

बृजपाल पुत्र हेमराज निवासी रामनगर गंगपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद धारा 279, 338 भादवि

4-जनपदीय पुलिस द्वारा 10 अभियुक्त को शांति व्यवस्था भंग करने में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 07.02.2025 को थाना जनपदीय पुलिस द्वारा 10 अभियुक्त को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।